दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 06 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

केंद्र सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की बिक्री बढ़ा दी है। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक–काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध कराये जा रहे है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि आपूर्ति बढ़ाने के बाद तेईस मार्च से पांच किलो के लगभग छह लाख साठ हजार सिलेण्डरों की बिक्री हुई है। इन सिलेंडरों की कीमत बाजार दर पर रखी गई है और इनकी खरीद के लिए किसी तरह के पता–प्रमाण की जरूरत नहीं है। इधर, पटना में भारत पेट्रोलियम ने पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की है। क्षेत्रीय प्रबंधक अंशुल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि प्रवासी मजदूरों और छात्रों के लिए छोटा सिलेंडर आसान और किफायती विकल्प साबित हो रहा है।

————————————————————

भारतीय जनता पार्टी आज अपना सैंतालीसवां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि यह दिन राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए पार्टी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा के संस्थापकों, को भी याद किया। उन्होंने पार्टी के लिए दिन–रात काम करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के योगदान को भी सराहा। इधर, राजधानी पटना स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में विधान परिषद अतिथि निवास और सामुदायिक केंद्र का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर विधान परिषद के सभापति अवधेश

नारायण सिंह, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद थे।

———————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए और आतंकवाद निरोधी दल–एटीएस की संयुक्त टीम ने आज नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। हमारे संवाददाता ने बताया कि पोस्ट ऑफिस मोड़ स्थित पी.के. गन हाउस और आभूषण की दुकान समेत दस ठिकानों पर छापेमारी की गयी है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने छापेमारी की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह छापेमारी कारतूस की बिक्री में अनियमितता के मामले में की गई है। जांच दल ने कई कागजात तथा कई अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं।

———————————————————

मौसम विभाग ने आज से नौ अप्रैल तक प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि आज गया, जहानाबाद, लखीसराय और पटना समेत राज्य के दक्षिण–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और उत्तर–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने की आशंका है। साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

———————————————————

सुपौल के पिपरा थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक महिला को भारी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा का बाजार मूल्य सोलह लाख रुपये से अधिक बताया जाता है।

———————————————————

सहरसा जिले के बैजनाथपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक मवेशी व्यापारी को गोली मारकर लगभग चालीस हजार रुपये लूट लिये।

खगड़िया नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हमले के आरोप में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अठहत्तर नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

समाप्त